उत्तर प्रदेश अधीनस्थ
सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित

Uttar Pradesh Subordinate Services Selection Commission

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

# राजस्व लेखपाल

## सामान्य चयन परीक्षा 2022-23

विगत वर्षों के पेपर्स के विश्लेषण चार्ट का समावेश

सामान्य हिन्दी | गणित | सामान्य ज्ञान (उत्तर प्रदेश का सामान्य ज्ञान एवं कंप्यूटर का प्रारम्भिक ज्ञान) | ग्राम समाज एवं विकास



**BEST PRACTICE SETS**

एक मात्र Practice Set Book जिसका अध्ययन करने से आप अपनी परीक्षा की तैयारी का 90% तक सही आंकलन कर पायेंगे।

# 15 | प्रैक्टिस सैट्स

एवं

03 | सॉल्व्ड पेपर्स (2022 एवं 2015)


| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| CB1138 | ₹ 149 | 166 | 978-93-5561-005-8 |

# विषय-सूची

*पृष्ठ संख्या*

## Exam Information, Preparation Strategy and Current Affairs


- ⊙ **Agrawal Examcart Help Centre** — **v**
- ⊙ **Student's Corner** — **vi**
- ⊙ **UPSSSC राजस्व लेखपाल विश्लेषण चार्ट** — **vii**
- ⊙ **UPSSSC राजस्व लेखपाल पाठ्यक्रम एवं Exam Pattern 2022** — **xi**


## सॉल्व्ड पेपर्स **1-16**


- ➢ उत्तर प्रदेश राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, (परीक्षा तिथि : 31-07-2022) हल प्रश्न-पत्र — **1-13**
- ➢ उत्तर प्रदेश राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 13-09-2015 प्रथम पाली) हल प्रश्न-पत्र — **1-8**
- ➢ उत्तर प्रदेश राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 13-09-2015 द्वितीय पाली) हल प्रश्न-पत्र — **9-16**


## प्रैक्टिस सेट्स **1-231**


- ➢ प्रैक्टिस सेट-1 — **1-8**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-2 — **9-16**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-3 — **17-25**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-4 — **26-34**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-5 — **35-43**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-6 — **44-51**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-7 — **52-60**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-8 — **61-69**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-9 — **70-78**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-10 — **79-87**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-11 — **88-96**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-12 — **97-105**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-13 — **106-114**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-14 — **115-122**
- ➢ प्रैक्टिस सेट-15 — **123-131**

# प्रैक्टिस सेट-1

## सामान्य हिन्दी

1. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द ''पुल्लिंग शब्दों'' की श्रेणी में नहीं आता है ?
(A) सन्तान (B) गुस्सा
(C) बचपन (D) हीरा

2. दिए गये विकल्पों में से 'उच्चारण' का सही संधि–विच्छेद चुनें।
(A) उच्च + चारण (B) उत् + चारण
(C) अत + चारण (D) अतः + चारण

3. दिए गये विकल्पों में से 'नीलकमल' शब्द समास की किस श्रेणी में आता है ?
(A) तत्पुरुष समास (B) कर्मधारय समास
(C) द्विगु समास (D) बहुव्रीहि समास

4. निम्नलिखित लोकोक्ति/मुहावरे का क्या आशय है ?
''घड़ों पानी पड़ना''
(A) गुस्सा होना
(B) पानी खत्म होना
(C) बहुत ज्यादा नहाना
(D) शर्मिंदा होना

5. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन करें–
(A) अभ्यस्थ (B) अहिल्या
(C) तत्त्व (D) महत्त्व

6. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'अनिवार्य का विपरीतार्थक शब्द है ?
(A) निअनिवार्य (B) अनअनिवार्य
(C) औपचारिक (D) वैकल्पिक

7. दिए गए विकल्पों में से सही वर्तनी का चुनाव करें :
(A) कीत्वर्यनिष्ठा (B) कर्यत्वनिष्ठा
(C) कर्तव्यनिष्ठा (D) कत्वनिष्ठा

8. ''फूल'' निम्नलिखित में से कौन–सी संज्ञा है ?
(A) भाववाचक (B) जातिवाचक
(C) समूहवाचक (D) इनमें से कोई नही

9. जिन भाववाचक संज्ञाओं के अंत में 'हट' होता है, उनका लिंग होता है–
(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग
(C) नपुंसकलिंग (D) उभयलिंग

10. निम्नलिखित में से कौन–सा वर्तमान काल का भेद नहीं है?
(A) तात्कालिक वर्तमान
(B) पूर्ण वर्तमान
(C) संदिग्ध वर्तमान
(D) हेतुहेतुमद् वर्तमान

11. रिक्त स्थान के लिए उचित पर्याय का चयन करें। हमें ऋषि–मुनियों की संतान होने का ___ ______ है।
(A) अभिमान (B) गर्व
(C) दर्प (D) घमंड

12. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य की पहचान कीजिए–
(A) न तुम पढ़ाओगे, न वह पढ़ेगा।
(B) सौरभ दीनू को पत्र लिखता है।
(C) मेरे इस परिश्रम का उद्देश्य है, कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करूँ।
(D) जब भी उस भिखारी को देखता हूँ, मेरा मन करुणा से भर जाता है।

13. 'त्रिशंकु होना' का उपयुक्त अर्थ है–
(A) चारों ओर ध्यान होना
(B) किसी ओर का न रहना
(C) तीन तरफ ध्यान देना
(D) केवल ऊपर देखना

14. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'नम' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) गीला (B) भीगा
(C) आर्द्र (D) आर्द्रा

15. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?
(A) परतीत (B) प्रतीत
(C) प्रतिमान (D) प्रतिबिम्ब

16. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव है?
(A) उल्लास (B) उच्छ्वास
(C) निःश्वास (D) उजास

17. रात में विचरण करने वाले प्राणी को कहा जाता है–
(A) निशाकर (B) बनचर
(C) तमचोर (D) निशाचर

18. 'बहिर्मुखी' शब्द में कौन–सा उपसर्ग है ?
(A) बहिर् (B) बहिर
(C) बहिस (D) बहि

19. उर्दू शब्द 'सौदा' का बहुवचन में क्या रूप होता है?
(A) उसका रूप परिवर्तित हो जाता है
(B) उसके रूप में कोई परिवर्तन नहीं होता है
(C) बहुवचन में उसके विकल्प का प्रयोग किया जाता है
(D) उसके अन्त में 'गर' लगा देते हैं

20. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–
(A) आयुष और ऋषा बाजार गई
(B) राह चलते दोनों में तकरार हो गई
(C) इस कहानी को एक स्त्री लेखिका ने लिखा है
(D) बच्चे ने कहा पापा आ गई

**निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 25 तक)**

अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार सम्बन्धित उत्तर हैं, जिन्हें (A), (B), (C) और (D) क्रम दिया गया है। आपको सही उत्तर चुनना है।

**अनुच्छेद**

हम अनेक प्रकार का भोजन करते हैं। सामान्य भोजन के अलावा हम कुछ चीजें अपने स्वाद के लिए खाते हैं। उनमें से कुछ हैं आईस्क्रीम, चॉकलेट, ब्रेड, चीज आदि। चॉकलेट बच्चों को बहुत प्रिय होती है। यह कोई दावत नहीं रही। विश्व के प्रायः प्रत्येक देश में इनकी खपत होती है। संयुक्त राज्य अमेरिका इसका सबसे बड़ा उपभोक्ता है। चॉकलेट का स्वाद अच्छा होता है और यह हमें शक्ति भी देती है। चॉकलेट की कहानी बड़ी रोचक है। सैकड़ों वर्ष पूर्व चॉकलेट नाम के एक पेय का रहस्य मेक्सिको से स्पेन भेजा गया। मेक्सिको के लोग इस पेय को पसन्द करते थे। इस चॉकलेट को बनाने के लिए वे कोकोआ की फलियों को तोड़कर पानी में उबालते थे, इस मिश्रण को वे वैनिला और किसी अन्य मसाले से सुगन्धित बना देते थे। स्पेन के लोगों को पेय का तीखापन पसन्द नहीं आया। शक्कर मिला देने के बाद उन्हें वह अधिक अच्छा लगा। यह चॉकलेट बनाने की शुरूआत थी।

21. किस देश को चॉकलेट का तीखा स्वाद पसन्द नही आया ?
(A) भारत
(B) स्पेन
(C) मेक्सिको
(D) संयुक्त राज्य अमेरिका

**22.** मेक्सिको के लोगों की पसन्दीदा सुगन्ध क्या थी ?
(A) वैनिला (B) पाइनएपल
(C) स्ट्रॉबेरी (D) गुलाब

**23.** निम्नलिखित में से कौन–सी चीज बच्चों को अधिक प्रिय है ?
(A) आईस्क्रीम (B) चॉकलेट
(C) ब्रेड (D) मक्खन

**24.** किस देश में चॉकलेट अधिक खाई जाती है ?
(A) मेक्सिको
(B) स्पेन
(C) संयुक्त राज्य अमेरिका
(D) रूस

**25.** चॉकलेट में शक्कर मिलाने की शुरूआत किस देश ने की ?
(A) मेक्सिको (B) स्पेन
(C) फ्रांस (D) भारत

## गणित

**26.** निम्नलिखित को हल करो–
$(\cos^2\theta - 1)(\cot^2\theta + 1) + 1$
(A) – 1 (B) 0
(C) 1 (D) 2

**27.** उन न्यूनतम संख्या के अंकों का योग बताइए जिसे 625355 में से घटाने पर एक पूर्ण वर्ग बन जाए।
(A) 9 (B) 12
(C) 13 (D) 15

**28.** निम्नलिखित को हल करें।
$2.\overline{36} - 3.\overline{05} + 4.\overline{33} = ?$
(A) $3.\overline{64}$ (B) $3.\overline{34}$
(C) $3.\overline{44}$ (D) $3.\overline{33}$

**29.** यदि $8^{12} \times 64^{a} \times 40^{24} \times 25^{13} = 40^{50}$ है, तो $a$ का मान क्या होगा ?
(A) 0.5 (B) 7
(C) 0.9 (D) 1

**30.** 24 मी लम्बे और 14 मी चौड़े एक खेत में 9 मी लम्बा, 4 मी चौड़ा और (1/3)मी गहरा एक टैंक खोदा गया है। यदि खोदी गई मिट्टी को समान रूप से शेष खेत में फैलाया जाए, तो खेत की ऊँचाई कितनी बढ़ जाएगी ?
(A) 4.5 सेमी (B) 5 सेमी
(C) 3.5 सेमी (D) 4 सेमी

**31.** किसी आदमी ने 20 दर्जन अंडे ₹ 720 में खरीदे। वह प्रति अंडा किस भाव में बेचे ताकि उसे 20% का लाभ हो?
(A) ₹ 3.25 (B) ₹ 3.30
(C) ₹ 3.50 (D) ₹ 3.60

**32.** कितने वर्षों में 12% वार्षिक दर से ₹ 3000 का साधारण ब्याज ₹ 1080 हो जायेगा ?
(A) 4 वर्ष (B) 2 वर्ष
(C) 3 वर्ष (D) 5 वर्ष

**33.** छः संख्याओं 38, 72, 53, 68, $x$ और 87 में $x$ अज्ञात है। इन संख्याओं का औसत 60 है। $x$ का मूल्य कितना है ?
(A) 42 (B) 60
(C) 70 (D) 30

**34.** $a : b = 3 : 4$ तथा $b : c = 8 : 9$ हो, तो $a : c$ = ?
(A) 1 : 2 (B) 3 : 2
(C) 1 : 3 (D) 2 : 3

**35.** A किसी कार्य को 15 दिन में, B उसी कार्य को 12 दिन में तथा C उसी कार्य को 20 दिन में पूरा करता है, तो तीनों मिलकर उस कार्य को कितने दिन में कर पाएँगे ?
(A) 8 दिन (B) 5 दिन
(C) 3 दिन (D) 10 दिन

**36.** एक कार 40 किमी./घण्टा की चाल से 5 घण्टे में 200 किमी. की दूरी तय करती है। यदि कार की चाल में 25% की वृद्धि कर दी जाये, तो समय में कितने प्रतिशत की कमी हो जायेगी ?
(A) 25% (B) 20%
(C) 30% (D) 15%

**37.** एक घनाभाकार बक्सा 13 सेमी लम्बा, 11 सेमी चौड़ा और 9 सेमी ऊँचा है। एक घनाकार बक्से की भुजा 12 सेमी है। तनु इन बक्सों में 1 सेमी भुजा वाले 3060 घन पैक करना चाहती है। उन घनों की संख्या, जो इनमें पैक नहीं हो पाएँगे, हैं–
(A) 30 (B) 45
(C) 15 (D) 28

**38.** किसी आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई क्रमशः 48 सेमी और 21 सेमी है। किसी वर्ग की भुजा इस आयत की लम्बाई का दो-तिहाई है। इनके क्षेत्रफलों (वर्ग सेमी में) का योग है–
(A) 2032 (B) 2123
(C) 2028 (D) 2030

**39.** यदि $x^2 - 3x + 1 = 0$ है, तो $x^2 + x + (1/x) + (1/x^2)$ का मान क्या होगा ?
(A) 7 (B) 8
(C) 9 (D) 10

**40.** 144 पेन बेचने पर राम को 6 पेनों के विक्रय मूल्य के बराबर हानि होती है। हानि प्रतिशत क्या है ?
(A) 2 (B) 6
(C) 14 (D) 4

**41.** मोहन ने एक कार ₹ 250000 में खरीदी और ₹ 348000 में बेच दी। उसे कार पर कितने प्रतिशत लाभ हुआ ?
(A) 40 (B) 39.2
(C) 38.4 (D) 38

**42.** साधारण ब्याज की किस दर से किसी धन का 10 वर्ष का ब्याज उस धन का $\frac{2}{5}$ होगा ?
(A) 4% (B) $5\frac{2}{5}\%$
(C) 6% (D) $6\frac{2}{3}\%$

**43.** किसी आयताकार खेत का विकर्ण 17 मी तथा परिमाप 46 मी है, तो इस खेत का क्षेत्रफल क्या होगा ?
(A) 112 वर्ग मी (B) 120 वर्ग मी
(C) 132 वर्ग मी (D) 289 वर्ग मी

**44.** दो घनों के आयतनों का अनुपात 27 : 64 है। इसके सम्पूर्ण पृष्ठों के क्षेत्रफलों का अनुपात क्या होगा ?
(A) 3 : 8 (B) 3 : 4
(C) 9 : 16 (D) 27 : 64

**45.** दो संख्याएँ 3 : 4 के अनुपात में हैं तथा इनका लघुत्तम समापवर्त्य 84 है। इनमें से बड़ी संख्या कौन-सी है ?
(A) 21 (B) 24
(C) 28 (D) 84

**46.** $\frac{1}{3}, \frac{2}{9}, \frac{5}{6}$ तथा $\frac{4}{27}$ का लघुत्तम समापवर्त्य क्या है ?
(A) $\frac{1}{54}$ (B) $\frac{10}{27}$
(C) $\frac{20}{3}$ (D) इनमें से कोई नहीं

**47.** A और B मिलकर एक कार्य 9 दिनों में पूर्ण कर सकते हैं, जबकि B और C मिलकर इसे 15 दिनों में पूर्ण कर सकते हैं। तीनों एक साथ मिलकर कार्य 6 दिनों में पूर्ण कर सकते है। A और C एक साथ मिलकर यह कार्य कितने दिनों में पूर्ण करेंगे ?

(A) $6\frac{1}{7}$ दिन (B) 6 दिन

(C) $6\frac{4}{7}$ दिन (D) $6\frac{3}{7}$ दिन

**48.** एक आयताकार पार्क 45 मी लम्बा तथा 30 मी चौड़ा है। पार्क के बाहर चारों ओर 2.5 मी चौड़ा एक रास्ता बना है। रास्ते का क्षेत्रफल है–

(A) 200 मी$^2$ (B) 300 मी$^2$

(C) 400 मी$^2$ (D) 375 मी$^2$

**49.** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक 13 और उनका लघुत्तम समापवर्त्य 1989 है। यदि उनमें एक संख्या 117 है, तो दूसरी संख्या है–

(A) 224 (B) 223

(C) 221 (D) 225

**50.** आँकड़ों 25, 15, 23, 40, 27, 25, 23 तथा 42 का परिसर है–

(A) 37 (B) 17

(C) 27 (D) 27.5

## सामान्य जानकारी

**51.** निम्नलिखित में से वह व्यक्ति कौन है, जो संसद सदस्य नहीं है, लेकिन जिसे संसद को सम्बोधित करने का अधिकार प्राप्त है?

(A) भारत का अटार्नी जनरल

(B) भारत का सोलिसिटर जनरल

(C) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति

(D) मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**52.** निम्नलिखित में से कौन–सा हमारे सौरमंडल का एक आंतरिक ग्रह या पार्थिव ग्रह है ?

(A) शनि (B) बृहस्पति

(C) मंगल (D) अरुण ग्रह

**53.** निम्नलिखित विकल्पों में से किसे भारत और चीन के बीच प्रभावी सीमा कहा जाता है?

(A) मैकमोहन रेखा

(B) डूरण्ड रेखा

(C) रैडक्लिफ रेखा

(D) पाक जलडमरूमध्य

**54.** चार सिरों वाला शेर, जिसको भारत सरकार राष्ट्रीय राज चिह्न के रूप में अंगीकृत करती है, . ........................ में स्थित है ।

(A) आगरा (B) मथुरा

(C) सारनाथ (D) वृंदावन

**55.** एक ऑपरेटिंग सिस्टम एक व्यक्ति को प्रतीकों, आइकन, विजुअल मेटाफर और पॉइंटिंग डिवाइसों के उपयोग के माध्यम से कम्प्यूटर के साथ संवाद करने में सक्षम बनाता है। यह निम्नलिखित में से किस रूप में वर्गीकृत किया जाएगा ?

(A) Graphical User Interface (ग्राफिकल यूजर इंटरफेस)

(B) Line Command Interface (लाइन कमांड इंटरफेस)

(C) Black User Interface (ब्लैक यूजर इंटरफेस)

(D) Tap User Interface (टैप यूजर इंटरफेस)

**56.** भारत पर तैमूर ने किस वर्ष आक्रमण किया था ?

(A) 1294 (B) 1417

(C) 1213 (D) 1398

**57.** दक्षिण–पश्चिम मानसून से भारत के पूर्वी–तट की अपेक्षा पश्चिमी तट पर ज्यादा वर्षा क्यों होती है ?

(A) पूर्वी–तट की अपेक्षा यह तट सीधा है

(B) पश्चिमी घाट हवा को रोकता है जिससे बारिश होती है

(C) पूर्वी तट, पश्चिमी तट से चौड़ा है

(D) पूर्वी घाट हवा की दिशा के समानान्तर है

**58.** द्रव्यमान, लंबाई और समय के अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली (SI) मात्रक क्या हैं ?

(A) किलोग्राम (kg), मीटर (m) और सेकंड

(B) ग्राम (g), मीटर (m) और सेकंड

(C) ग्राम (g), किलोमीटर (km) और सेकंड (s)/ gram (g)

(D) किलोग्राम (kg), किलोमीटर (km) और घंटा (h)

**59.** औषधि की कौन–सी शाखा 'शरीर ऊतक और द्रव' से संबंधित है ?

(A) फार्माकोलॉजी (B) पेडियाट्रिक्स

(C) पैथोलॉजी (D) फिजियोथेरेपी

**60.** Windows 10 निम्नलिखित में से क्या है ?

(A) ऑपरेटिंग सिस्टम

(B) एक प्रकार का कम्प्यूटर

(C) एक इमेल सॉफ्टवेयर

(D) एक वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर

**61.** **निम्नलिखित में से कौन राजस्व व्यय का एक उदाहरण है ?**

(A) फैक्टरी शेड का निर्माण

(B) जमीन की खरीद

(C) एक प्रिंटर की मरम्मत

(D) एक नई मशीन की स्थापना

**62.** पानीपत का प्रथम युद्ध निम्नलिखित में से किनके मध्य हुआ था ?

(A) राणा साँगा और बाबर

(B) इब्राहीम लोदी और बाबर

(C) कुतुब खान और राणा साँगा

(D) अकबर और राणा साँगा

**63.** जब कम्पन स्वरित्र द्विभुज मेज पर रखा जाता है तो एक तेज ध्वनि सुनाई देती है। यह किस कारण से होती है ?

(A) परावर्तन (B) अपवर्तन

(C) प्रणोदित कंपन (D) अवमंदित कंपन

**64.** भारतीय हरित क्रांति के दौरान निम्नलिखित में से किन अनाजों का अत्यधिक उत्पादन किया गया था ?

(A) गेहूँ और ज्वार

(B) चावल और ज्वार

(C) गेहूँ और चावल

(D) ज्वार और कपास

**65.** निम्नलिखित में से क्या डब्ल्यू आई एम पी (WIMP) में सम्मिलित नहीं है ?

(A) विंडोस (B) आइकॉन्स

(C) पॉइंटरर्स (D) माउस

**66.** जीवों के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है–

(A) इटियोलॉजी (B) नियोलॉजी

(C) इथोलॉजी (D) डेमोलॉजी

**67.** किस तापमान पर पानी का घनत्व अधिकतम होता है ?

(A) 0°C (B) 100°C

(C) 4°C (D) 250°C

**68.** निम्नलिखित में से किसे लोकप्रिय रूप में प्राचीन भारत के नेपोलियन के रूप में जाना जाता था ?

(A) समुद्रगुप्त (B) चन्द्रगुप्त II

(C) कनिष्क (D) अशोक

**69.** 1885 में स्थापित भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के पहले अध्यक्ष (प्रेसीडेंट) कौन थे ?

(A) मोतीलाल नेहरू

(B) डब्ल्यू.सी. बनर्जी

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) महात्मा गाँधी

**70.** एलोरा स्थित कैलाशनाथ मन्दिर और मामल्लपुरम स्थित शोर मन्दिर के बीच निम्नलिखित में से कौन–सी एक समानता है ?

(A) दोनों ही नगर वास्तुकला के उदाहरण हैं

(B) दोनों ही ठोस चट्टानों में से उत्कीर्ण किये गए हैं

(C) दोनों ही गुप्त काल के मन्दिर हैं

(D) दोनों ही पल्लव राजाओं के संरक्षण में निर्मित किये गए थे

**71.** भारतीय संविधान सभा में कुल कितनी महिला सदस्य थीं ?

(A) 12 (B) 13

(C) 15 (D) 17

72. निम्नलिखित में से किस मृदा की ढुलाई गुरुत्वाकर्षण द्वारा होती है ?
(A) वातोढ़ मृदा (B) मिश्रोढ़क मृदा
(C) जलोढ़ मृदा (D) हिमनद मृदा

73. भारतीय संविधान का कौन–सा अनुच्छेद यह कहता है कि प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी ?
(A) अनुच्छेद 81 (1) (B) अनुच्छेद 59 (1)
(C) अनुच्छेद 75 (1) (D) अनुच्छेद 80 (1)

74. 'योग–दर्शन' के प्रवर्तक कौन थे ?
(A) महर्षि जैमिनी (B) स्वामी रामदेव
(C) महर्षि पतंजलि (D) महर्षि अरविन्द

75. सेंट फ्रांसिस जेवियर के पार्थिव अवशेष निम्नलिखित में से किस स्थान पर रखे हैं ?
(A) वेलांकनी, चेन्नई
(B) सेंट कैथेड्रल, वेल्हा (गोवा)
(C) बेसिलिका ऑफ बोन जीसस, वेल्हा (गोवा)
(D) सेंट जेवियर चर्च, मुंबई

## ग्रामीण समाज एवं विकास

76. सामाजिक संस्था का अर्थ है–
(A) अधिक लोगों का साथ रहना
(B) कार्य करने का निश्चित ढंग
(C) वृहद् सामाजिक समूह
(D) इनमें से कोई नहीं

77. "समाज मनुष्यों के समूह का नाम नहीं, बल्कि यह मनुष्यों के अन्त सम्बन्धों की जटिल व्यवस्था है।" यह कथन है–
(A) गिन्सबर्ग का (B) हॉकिन्स का
(C) कूले का (D) लापियर का

78. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का वृद्धि प्रतिशत क्या है ?
(A) 20.21% (B) 20.23%
(C) 20.30% (D) 20.32%

79. 2011 की जनगणना के अनुसार, जनसंख्या के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश का कौन–सा जिला सबसे बड़ा है ?
(A) इलाहाबाद (प्रयागराज)
(B) कानपुर
(C) गाजियाबाद
(D) लखनऊ

80. एक गाँव के सभी वयस्क व्यक्ति निम्नलिखित में से किसके सदस्य होते हैं?
(A) ग्राम सभा के (B) ग्राम पंचायत के
(C) पंचायत के (D) न्याय पंचायत के

81. धुरिया लोकनृत्य है–
(A) अवध का (B) बुन्देलखण्ड का
(C) पूर्वांचल का (D) रोहेलखण्ड का

82. उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं कलात्मक निधि की देख–रेख करने के लिए स्थापित संस्कृति विभाग के कार्यों में कौन–सा कार्य सम्मिलित नहीं है?
(A) उसका संरक्षण तथा प्रदर्शन
(B) उसका प्रकाशन
(C) उसका अभिलेखीकरण
(D) उसकी बिक्री

83. भूमि की पैमाइश (नाप) का कार्य कौन–सा विभाग करता है ?
(A) शिक्षा विभाग
(B) चिकित्सा विभाग
(C) राजस्व विभाग
(D) भू–प्रबन्ध विभाग

84. निम्न में कौन सुमेलित नहीं है ?
(A) आल्हा–महोबा (B) बिरहा–कन्नौज
(C) रसिया–बरसाना (D) कजरी–मिर्जापुर

85. जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश की जनसंख्या है–
(A) 200, 500, 122 (B) 199, 581, 477
(C) 150, 200, 060 (D) 120, 500, 477

86. ग्रामीण डाक बीमा योजना लागू हुई–
(A) 1995 में (B) 1970 में
(C) 1985 में (D) इनमें से कोई नहीं

87. प्रत्येक दस गाँवों के समूह के लिए युवा विकास केन्द्र स्थापित करने की योजना लागू की गई–
(A) 1994-95
(B) 1984-85
(C) 1975-76
(D) इनमें से कोई नहीं

88. ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है–
(A) नौकरी
(B) कृषि उत्पादन हेतु भूमि का उपयोग कर फसलें उगाना एवं पशुपालन
(C) गाँव में दुकान खोलकर दुकानदारी
(D) मजदूरी

89. ग्रामीण कृषि आर्थिक तन्त्र जो भूमि आधारित है, में कौन–सी धातु (Metal) का प्रयोग होता है?
(A) ताँबा
(B) चाँदी, सोना एवं लोहा
(C) ताँबा, चाँदी, सोना एवं लोहा सभी
(D) इनमें से कोई नहीं

90. इनमें से कौन–सी मुख्य एजेंसियों में से एक नहीं है जो उत्तर प्रदेश में भारी मात्रा में अनाज भंडारण में शामिल है ?
(A) एफसीआई (B) एफडीआई
(C) एसडब्ल्यूसी (D) सीडब्ल्यूसी

91. भूमिदान से सम्बन्धित सबसे प्राचीन अभिलेख है ?
(A) सातवाहन अभिलेख
(B) मौर्य अभिलेख
(C) गुप्त अभिलेख
(D) वाकाटक अभिलेख

92. भारतीय ग्रामीण समाज को बाँटा जा सकता है, मुख्यतः–
(A) जनजातीय समाज और कृषक समाज
(B) जनजातीय समाज और जमींदार वर्ग
(C) जमींदार वर्ग एवं कास्तकार वर्ग
(D) उच्च जाति एवं निम्न जाति समूह

93. लेखपाल खसरा तैयार करके अगले वर्ष जमा कर देता है–
(A) ग्राम प्रधान के पास
(B) तहसीलदार के पास
(C) रजिस्ट्रार कानूनगो के पास
(D) जिला कृषि अधिकारी के पास

94. ग्रामीण समुदाय में कृषि–नवाचारों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए कौन–सा परीक्षण अधिक उपयोगी हो सकता है?
(A) पश्चात्–परीक्षण
(B) पूर्व–पश्चात् परीक्षण
(C) सहभागी परीक्षण
(D) सामूहिक परीक्षण

95. सामाजिक अध्ययनों में वैज्ञानिक पद्धति के प्रयोग को किसने नकारा?
(A) वेबर (B) डिल्थे
(C) कॉम्टे (D) रिकर्ट

96. Ex-Post-Facto Experiment सम्बन्धित है–
(A) वर्तमान घटनाओं के अध्ययन से
(B) वैज्ञानिक घटनाओं के अध्ययन से
(C) नियोजित विकास के मूल्यांकन से
(D) ऐतिहासिक घटनाओं के अध्ययन से

97. नगरीय समाज में मानवीय सम्बन्ध अभिलक्षित होते हैं–
(A) पारस्परिक विश्वास से
(B) बढ़े हुए संचार से
(C) बढ़ी हुई प्राथमिक अन्योन्यक्रिया से
(D) अप्रत्यक्ष और निवैयक्तिक सम्पर्कों से

98. निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण अनाज फसलों के नाम का उल्लेख करता है ?

(A) चावल, गेहूँ, जमीन अखरोट, जौ और मक्का

(B) चावल, गेहूँ, बाजरा, जौ और मक्का

(C) चावल, गेहूँ, बाजरा, जौ और ज्वार

(D) चावल, गेहूँ, बाजरा, और मक्का

**99.** भूमि का उपयोग करने के एवज में किसानों से वसूल किया जाने वाला टैक्स कौन–सा है ?

(A) आयकर (B) विक्रय कर

(C) लगान (D) उपकर

**100.** निम्नलिखित में से सामाजिक घटनाओं के अध्ययन में विज्ञान की कौन–सी विशेषता पायी जाती है?

(A) प्रयोगशाला का उपयोग

(B) भविष्यवाणी

(C) सार्वभौमिकता

(D) कार्य–कारण सम्बन्ध

# व्याख्यात्मक हल

## सामान्य हिन्दी

**1.** (A) वह संज्ञा शब्द जो हमें स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे शब्द स्त्रीलिंग संज्ञा शब्द कहलाते हैं। 'संतान' शब्द स्त्रीलिंग शब्द है। अतः उत्तर विकल्प (A) सही उत्तर है।

**2.** (B) 'उच्चारण' शब्द में व्यंजन संधि है। व्यंजन का व्यंजन से अथवा किसी स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है उसे व्यंजन संधि कहते हैं। (त् + च = च्च) उत् + चारण = उच्चारण।

**3.** (B) 'नीलकमल' शब्द में कर्मधारय समास है। जिस सामासिक शब्द में उत्तर पद प्रधान होता है, उसे कर्मधारय समास कहते हैं। इसमें पूर्व पद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य होता है। जैसे–नीलकमल–नीला है जो कमल।

**4.** (D) जो वाक्यांश सामान्य अर्थ के स्थान पर विलक्षण अर्थ प्रकट करता है, उसे मुहावरा कहते हैं। मुहावरों के प्रयोग से भाषा में सरलता, सरसता तथा चमत्कार उत्पन्न होता है। जैसे–

घड़ों पानी पड़ना मुहावरे का अर्थ–शर्मिंदा होना।

वाक्य प्रयोग–अपनी करतूतों का कच्चा चिट्ठा पत्रकार के मुँह से सुनकर नेता जी पर घड़ों पानी पड़ गया।

**5.** (B) वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द–अहिल्या है। किसी भाषा का कोई सार्थक शब्द शब्दकोश में जिस रूप में लिखा जाता है। उसे वर्तनी कहा जाता है।

**6.** (D) जो शब्द गुण, अवस्था, स्वभाव, दशा तथा भाव के सन्दर्भ में विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं, उन्हें विलोम शब्द कहा जाता है। विलोम शब्दों को विपरीतार्थक शब्द भी कहते हैं। 'अनिवार्य' शब्द का विलोम शब्द 'वैकल्पिक' होता है।

**7.** (C) किसी भाषा का कोई सार्थक शब्द शब्दकोश में जिस रूप में लिखा जाता है उसे वर्तनी कहा जाता है। 'कर्तव्यनिष्ठ' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है।

**8.** (B) ऐसे संज्ञा शब्द जो कि एक ही जाति के विभिन्न व्यक्तियों, प्राणियों, स्थानों एवं वस्तुओं का बोध कराती हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञाएँ कहते हैं। जैसे–फूल, गाय, हाथी, मनुष्य, पहाड़ आदि।

**9.** (B) जिन भाववाचक संज्ञाओं के अंत में 'हट' होता है, वह स्त्रीलिंग कहलाते हैं। वह संज्ञा शब्द जो हमें स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं। ख, ट, वट, हट, आणि आदि वर्णों से खत्म होने वाले शब्द स्त्रीलिंग के अन्तर्गत आते हैं। जैसे–आहट, झल्लाहट।

**10.** (D) 'हेतुहेतुमद्' वर्तमान काल का भेद नहीं है। हेतुहेतुमद काल भूतकाल का भेद है। यदि भूतकाल में एक क्रिया के होने या न होने पर दूसरी क्रिया का होना या न होना निर्भर करता है, तो वह हेतुहेतुमद भूतकाल कहलाती है।

**11.** (B) हमें ऋषि–मुनियों की संतान होने का गर्व है। 'गर्व' शब्द रिक्त स्थान के लिये उचित है। अतः उत्तर विकल्प (B) सही है।

**12.** (A) न तुम पढ़ाओगे, न वह पढ़ेगा। संयुक्त वाक्य है। ऐसा वाक्य जिसमें दो या दो से अधिक उपवाक्य हों एवं सभी उपवाक्य प्रधान हों, ऐसे वाक्य को संयुक्त वाक्य कहते हैं।

**13.** (B) अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयोग किया जाने वाला शब्द 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' कहलाता है। जैसे–किसी ओर का न रहना–त्रिशंकु।

**14.** (D) आर्द्रा एक नक्षत्र का नाम है, अन्य तीन गीला, आर्द्र, भीगा, नम के पर्यायवाची हैं। वैसे शब्द जो मूल शब्द के समान अर्थ प्रकट करते हैं। पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

**15.** (A) जो शब्द संस्कृत भाषा से ज्यों–के–त्यों बिना किसी परिवर्तन के हिन्दी में ले लिए गए हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं। प्रतीत, प्रतिमा न तथा प्रतिबिम्ब तत्सम शब्द हैं, जबकि परतीत तद्भव शब्द है।

**16.** (D) संस्कृत के जो शब्द प्राकृत, अपभ्रंश, पुरानी हिन्दी आदि से विकृत होकर हिन्दी भाषा में आए हैं, वे तद्भव शब्द कहलाते हैं। 'उजास' तद्भव शब्द है, जबकि उल्लास, उच्छ्वास और निःश्वास तत्सम शब्द हैं।

**17.** (D) अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयोग किया जाने वाला शब्द 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' कहलाता है। जैसे–रात में विचरण करने वाले प्राणी को निशाचर कहा जाता है।

**18.** (A) 'बहिर्मुखी' शब्द में उपसर्ग 'बहिर्' लगा है। 'बहिर्' का अर्थ 'बाहर'।

**19.** (A) उर्दू शब्द 'सौदा' का बहुवचन में रूप परिवर्तन हो जाता है। सौदा का बहुवचन सौदा होगा।

**20.** (B) निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य–राह चलते दोनों में तकरार हो गई। शुद्ध वाक्य है।

**21.** (B) स्पेन के लोगों को चॉकलेट का तीखापन पसन्द नहीं आया, इसलिए उन्होंने इसमें शक्कर मिलाना प्रारम्भ कर दिया।

**22.** (A) मेक्सिको के लोगों की पसन्दीदा सुगन्ध वैनिला थी।

**23.** (B) 'चॉकलेट' बच्चों को अधिक प्रिय है।

**24.** (C) 'संयुक्त राज्य अमेरिका' में चॉकलेट की सर्वाधिक खपत होती है।

**25.** (B) चॉकलेट में शक्कर मिलाने की शुरूआत स्पेन ने की थी, क्योंकि उन्हें चॉकलेट का तीखापन पसन्द नहीं आया था।

## गणित

**26.** (B) हम जानते हैं कि–

$$\cos^2\theta - 1 = -\sin^2\theta$$

तथा $$\cot^2\theta + 1 = \operatorname{cosec}^2\theta$$

प्रश्नानुसार,

$$\Rightarrow -\sin^2\theta \cdot \operatorname{cosec}^2\theta + 1$$

$$\Rightarrow -1 + 1 = 0 \left[\because \sin\theta = \frac{1}{\operatorname{cosec}\theta}\right]$$

**27.** (C) $624100 < 625355 < 525681$

$(790)^2 < 625355 < (791)^2$

अतः 625355 में से $(625355 - 644100 = 1255)$ को घटाने पर पूर्ण वर्ग बन जाएगी।

1255 के अंकों का योग $= 1 + 2 + 5 + 5$

$= 13$

**28.** (A) $2.\overline{36} - 3.\overline{05} + 4.\overline{33}$

$$= 2 + \frac{36}{99} - 3 - \frac{5}{99} + 4 + \frac{33}{99}$$

$$= (2 - 3 + 4)\left(\frac{36}{99} - \frac{5}{99} + \frac{33}{99}\right)$$

$$= 3 + \frac{64}{99}$$

$$= 3.\overline{64}$$

**29.** (B) $8^{12} \times 64^a \times 40^{24} \times 25^{13} = 40^{50}$

$\Rightarrow 8^{12} \times 8^{2a} \times 8^{24} \times 5^{24} \times 5^{26}$

$= 8^{50} \times 5^{50}$

$\Rightarrow 8^{12+2a+24} \times 5^{24+26}$

$= 8^{50} \times 5^{50}$

$\Rightarrow \quad 8^{36+2a} = 8^{50}$

$\Rightarrow \quad 36 + 2a = 50$

$2a = 14$

$a = 7$

**30.** (D) खेत का आयतन = $(24 \times 14 \times h)$ घन मी

खोदे गये टैंक का आयतन

$= \left(9 \times 4 \times \frac{1}{3}\right) = 12$ घन मी

प्रश्न से,

$24 \times 14 \times h = 12$

$h = \frac{12}{24 \times 14}$ मीटर

$h = \frac{1200}{24 \times 14}$ सेमी

$h = 3.57$ सेमी $\approx 4$ सेमी

**31.** (D) 1 अण्डे का क्रय मूल्य

$= \frac{720}{20 \times 12} =$ ₹ 3

अण्डे का वि. मू. $= 3 + \frac{3 \times 20}{100}$

= ₹ 3.60

**32.** (C) $T = \frac{I \times 100}{P \times R} = \frac{1080 \times 100}{3000 \times 12}$

= 3 वर्ष।

**33.** (A) $60 = \frac{38 + 72 + 53 + 68 + x + 87}{6}$

$\Rightarrow \quad 60 \times 6 = 318 + x$

$\Rightarrow \quad x = 360 - 318 = 42$

**34.** (D) $a : b = 3 : 4$ तथा $b : c = 8 : 9$

$a \quad : \quad b \quad : \quad c$

$3 \quad : \quad 4$

$\quad\quad\quad 8 \quad : \quad 9$

$3 \times 8 \quad : \quad 4 \times 8 \quad : \quad 4 \times 9$

$\Rightarrow \quad 3 \times 2 : 8 : 9$

$\Rightarrow \quad 6 : 8 : 9$

$a : c = 6 : 9 = 2 : 3$

**35.** (B) अभीष्ट दिनों की संख्या :

$= \frac{d_1 \times d_2 \times d_3}{d_1 d_2 + d_2 d_3 + d_3 d_1}$

$= \frac{15 \times 12 \times 20}{15 \times 12 + 12 \times 20 + 20 \times 15}$

$= \frac{15 \times 12 \times 20}{180 + 240 + 300}$

$= \frac{15 \times 12 \times 20}{720} = 5$ दिन।

**36.** (B) कमी % $= \frac{r}{100 + r} \times 100\,\%$

$= \frac{25}{100 + 25} \times 100\,\%$

$= \frac{25}{125} \times 100 = 20\,\%$

**37.** (B) घनाभाकार बक्से में पैक करने वाले घनों की संख्या

$= \frac{13 \times 11 \times 9}{1 \times 1 \times 1} = 1287$

अब, घनाकार बक्से में पैक करने वाले घनों की

संख्या = $12 \times 12 \times 12 = 1728$

$\therefore$ घनों की संख्या (जो पैक नहीं हुए हैं)

$3060 - (1728 + 1287) = 45$

**38.** (A) आयत का क्षेत्रफल

$= 48 \times 21$

= 1008 सेमी$^2$

वर्ग का क्षेत्रफल = (भुजा)$^2$

= (आयत की लम्बाई का 2/3)$^2$

$= \left(48 \times \frac{2}{3}\right)^2$

= 1024 सेमी$^2$

$\therefore$ अभीष्ट योगफल = 1008 + 1024

= 2032 सेमी$^2$

**39.** (D) $x^2 - 3x + 1 = 0$

$x^2 + 1 = 3x$ या $x + \frac{1}{x} = 3$

$\because \quad x^2 + \frac{1}{x^2} = \left(x + \frac{1}{x}\right)^2 - 2$

$= 9 - 2 = 7$

$\therefore x^2 + x + \frac{1}{x} + \frac{1}{x^2}$

$= \left(x^2 + \frac{1}{x^2}\right) + \left(x + \frac{1}{x}\right)$

$= 7 + 3 = 10$

**40.** (D) कुल पेनों की संख्या = 144 + 6 = 150

$\therefore$ हानि प्रतिशत $= \frac{6}{150} \times 100\% = 4\%$

**41.** (B) लाभ प्रतिशत $= \frac{348000 - 250000}{250000} \times 100\%$

$= \frac{98000}{250000} \times 100\%$

$= 39{\cdot}2\%$

**42.** (A) माना, धन = ₹ P

$\therefore$ ब्याज = ₹ $\frac{2}{5}$ P

$\therefore$ साधारण ब्याज × 100

= मूलधन × दर × समय

$\frac{2}{5}$ P × 100 = P × $r$ × 10

$\Rightarrow \quad r = \frac{40}{10} = 4\%$

**43.** (B) माना, खेत की लम्बाई $a$ मी तथा चौड़ाई $b$ मी है।

$\therefore$ परिमाप = 46 मी

$2(a + b) = 46 \Rightarrow a + b = 23 \quad$ ... (i)

और

$a^2 + b^2 = 17^2 \Rightarrow a^2 + b^2 = 289 \quad$ ... (ii)

$\because \quad 2ab = (a + b)^2 - (a^2 + b^2)$

$= 23^2 - 289$

$= 529 - 289 = 240$

$\Rightarrow \quad ab = 120$ वर्ग मी

**44.** (C) घनों के आयतन में अनुपात,

$\frac{a_1^3}{a_2^3} = \frac{27}{64} \Rightarrow \frac{a_1}{a_2} = \frac{\sqrt[3]{27}}{\sqrt[3]{64}}$

$\Rightarrow \quad \frac{a_1}{a_2} = \frac{3}{4} \Rightarrow \frac{a_1^2}{a_2^2} = \frac{9}{16}$

$\therefore$ क्षेत्रफलों में अनुपात = 9 : 16

**45.** (C) माना, संख्याएँ $3x$ तथा $4x$ हैं।

प्रश्नानुसार,

दोनों संख्याओं का ल. स. प. = 84

$\therefore \quad 3 \times 4 \times x = 84$

$\Rightarrow \quad x = \frac{84}{12} = 7$

अत:बड़ी संख्या = $4x = 4 \times 7 = 28$

**46.** (C) $\frac{1}{3}, \frac{2}{9}, \frac{5}{6}$ तथा $\frac{4}{27}$ का ल. स. प.

$= \frac{1, 2, 5, 4 \text{ का ल.स.प.}}{3, 9, 6, 27 \text{ का म.स.प.}} = \frac{20}{3}$

**47.** (D) प्रश्न से,

(A + B + B + C) का 1 दिन का कार्य

$= \frac{1}{9} + \frac{1}{15}$

(A + 2B + C) का 1 दिन का कार्य

$= \frac{8}{45}$ ...(1)

और (A + B + C) का 1 दिन का कार्य

$= \frac{1}{6}$

या (2A + 2B + 2C) का 1 दिन का कार्य

$= \frac{2}{6} = \frac{1}{3}$ ...(2)

समी. (2) – समी. (1) से,

(A + C) का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{3} - \frac{8}{45}$

$= \frac{7}{45}$

∴ (A + C) कार्य को पूरा करेंगे

$= \frac{45}{7}$ दिन में

$= 6\frac{3}{7}$ दिन में

**48.** (C) आयताकार पार्क का क्षेत्रफल $= 45 \times 30$

$= 1350$ मी$^2$

∵ पार्क के बाहर चारों ओर 2·5 मी चौड़ा एक रास्ता बनाना है।

∴ रास्ता बनाने के बाद पार्क का क्षेत्रफल

$= (45 + 2·5 + 2·5) \times (30 + 2·5 + 2·5)$

$= 50 \times 35 = 1750$ मी$^2$

∴ रास्ते का क्षेत्रफल

$= 1750 - 1350 = 400$ मी$^2$

**49.** (C) दूसरी संख्या = $\frac{\text{ल.स.प.} \times \text{म.स.प.}}{\text{पहली संख्या}}$

$= \frac{1989 \times 13}{117} = 221$

**50.** (C) आँकड़ों को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर,

15, 23, 23, 25, 25, 27, 40, 42

∴ परिसर = 42 – 15 = 27

## सामान्य जानकारी

**51.** (A) भारत का अटार्नी जनरल संसद सदस्य नहीं होता है, लेकिन उसे संसद को सम्बोधित करने का अधिकार प्राप्त है।

**52.** (C) स्थलीय ग्रह या चट्टानी ग्रह मुख्य रूप से सिलिकेट शैल अथवा धातुओं से बने हुए ग्रह होते हैं। सौरमण्डल में स्थलीय ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक बुध, शुक्र, पृथ्वी व मंगल हैं।

**53.** (A) मैकमोहन रेखा पूर्वी-हिमालय क्षेत्र के चीन-अधिकृत एवं भारत अधिकृत क्षेत्रों में बीच सीमा चिह्नित करती है। यह क्षेत्र अत्यधिक ऊँचाई का पर्वतीय स्थान है, जो मानचित्र में लाल रंग से दर्शित है। यह सीमा रेखा सन् 1914 में भारत की तत्कालीन ब्रिटिश सरकार और तिब्बत के बीच शिमला समझौते के तहत अस्तित्व में आई थी।

**54.** (C) अशोक चिह्न भारत का राजकीय प्रतीक है। इसको सारनाथ में मिली अशोक लाट से लिया गया है। मूल रूप इसमें चार शेर हैं जो चारों दिशाओं की ओर मुँह किए खड़े हैं। इसके नीचे एक गोल आधार है जिस पर एक हाथी, एक दौड़ता घोड़ा, एक साँड और एक सिंह बने हैं।

**55.** (A) Graphical user interface यानि कि GUI यह interface का ऐसा प्रकार है, जो की यूजर को electronic device में interface करने की अनुमति देता है ये graphical Icon, Text base Keyboard command, mouse, game हो सकते हैं। Computer में Window भी एक तरह का GUI या Graphical user interface है।

**56.** (D) भारत पर तैमूर ने वर्ष 1398 ई. में आक्रमण किया था। यह आक्रमण तुगलक वंश के शासक नासिरुद्दीन महमूद के समय हुआ था।

**57.** (B) दक्षिण–पश्चिम मानसून से भारत के पूर्वी–तट की अपेक्षा पश्चिम तट पर ज्यादा वर्षा इसलिए होती है, क्योंकि पश्चिम घाट हवा को रोकता है जिससे बारिश होती है।

**58.** (A) अन्तर्राष्ट्रीय प्रणाली (SI) में द्रव्यमान का मात्रक किलोग्राम (kg) लम्बाई का मात्रक मीटर (m) और समय का मात्रक सेकण्ड (s) होता है।

**59.** (C) पैथोलॉजी के द्वारा रोग का पता लगाया जाता है। रोग का पता लगाने के लिए शरीर के ऊतक एवं द्रव का परीक्षण करना पड़ता है। जबकि "पेडियाट्रिक्स" बच्चों के रोग से सम्बन्धित है, "फिजियोथेरेपी" व्यायाम से शरीर की मांसपेशियों को सही अनुपात में सक्रिय करने की विधि है, जबकि फार्मोकोलॉजी औषधियों से सम्बन्धित है। अतः सही उत्तर पैथोलॉजी है।

**60.** (A) ऑपरेटिंग सिस्टम को "OS" भी कहा जाता है। ऑपरेटिंग सिस्टम एक सॉफ्टवेयर है, जो उपयोग कर्ता को कम्प्यूटिंग डिवाइस पर अन्य Application चलाने की अनुमति देता है। इस सिस्टम के द्वारा कम्प्यूटर हार्डवेयर को कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के साथ संवाद करने और संचालित करने में सक्षम बनाता है।

**61.** (C) प्रिंटर की मरम्मत एक राजस्व व्यय है।

पूँजी व्यय–परिसम्पत्ति का सृजन, नवनिर्माण

राजस्व व्यय–रख-रखाव पर, मरम्मत पर व्यय

**62.** (B) पानीपत का प्रथम युद्ध 21 अप्रैल, 1526 ई. को लड़ा गया था। यह युद्ध सम्भवतः बाबर की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की अभिव्यक्ति थी। यह युद्ध दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी (अफगान) एवं बाबर के मध्य लड़ा गया। 12 अप्रैल, 1526 ई. को ही दोनों सेनायें पानीपत के मैदान में आमने–सामने आ गई थीं, पर दोनों के मध्य युद्ध का आरम्भ 21 अप्रैल को हुआ। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध का निर्णय दोपहर तक ही हो गया था। युद्ध में इब्राहिम लोदी बुरी तरह से परास्त हुआ।

**63.** (C) जब कम्पन स्वरित्र द्विभुज मेज पर रखा जाता है तो एक तेज ध्वनि सुनाई देती है। इसका कारण प्रणोदित कम्पन है।

**64.** (C) भारत में हरित क्रान्ति का प्रारम्भ 1966–1967 में हुआ। 'हरित क्रान्ति' को भारत में प्रारम्भ करने का सम्मान 'नोबेल पुरस्कार' विजेता प्रोफेसर 'नारमन बोरलॉग' को प्राप्त है। हरित क्रान्ति भारतीय कृषि में लागू की गई उस विकास विधि का परिणाम है, जो 1960 के दशक में पारम्परिक कृषि को आधुनिक तकनीकी द्वारा प्रतिस्थापित किए जाने के रूप में सामने आई। हरित क्रान्ति के फलस्वरूप देश के कृषि क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई। कृषि आगतों में हुए गुणात्मक सुधार के फलस्वरूप देश में कृषि उत्पादन बढ़ा है। खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता आई है। व्यवसायिक कृषि को बढ़ावा मिला है। कृषकों के दृष्टिकोण में परिवर्तन हुआ है। कृषि आधिक्य में वृद्धि हुई है। हरित क्रान्ति के फलस्वरूप गेहूँ, गन्ना, मक्का चावल तथा बाजरा आदि फसलों के प्रति हेक्टेयर उत्पादन एवं कुल उत्पादकता में काफी वृद्धि हुई है।

**65.** (D) डब्ल्यू आई एम पी (WIMP) में माउस सम्मिलित नहीं है। WIMP की Full form Window, Icon, Menus, Pointer है।

66. (C) जीवों के व्यवहारों का अध्ययन इथोलॉजी से किया जाता है।

67. (C) पानी की विशेषता यह है कि उसका अधिकतम घनत्व 4 डिग्री सेंटीग्रेड पर अधिकतम होता है। ऐसा पानी के मॉलिक्यूलर स्ट्रक्चर के कारण होता है। किसी भी पदार्थ के द्रव्यमान और उसके आयतन का अनुपात पानी से पता चलता है। कम घनत्व वाले पदार्थ ज्यादा घनत्व वाले पदार्थ के ऊपर तैरते हैं, क्योंकि वह उनसे हल्के होते हैं।

68. (A) समुद्रगुप्त गुप्त राजवंश का चौथा राजा और चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी था। वह भारतीय इतिहास में सबसे बड़े और सफल सेनानायक में से एक माना जाता है। समुद्रगुप्त, गुप्त राजवंश का तीसरा शासक था और उसका शासनकाल भारत के लिये स्वर्णयुग की शुरुआत कहा जाता है। समुद्रगुप्त ने अपने जीवन काल में कभी भी पराजय का स्वाद नहीं चखा। उसके बारे में वी. ए. स्मिथ ने आकलन किया है कि समुद्रगुप्त प्राचीन काल में भारत का नेपोलियन था।

69. (B) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस भारत का सबसे प्राचीन राजनीतिक दल है। इस दल की वर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी हैं। कांग्रेस दल का युवा संगठन 'भारतीय युवा कांग्रेस' है। 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' की स्थापना 28 दिसम्बर, 1885 ई. को दोपहर बारह बजे बम्बई में 'गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज' के भवन में की गई थी। इसके संस्थापक 'ए.ओ. ह्यूम' थे और प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी बनाये गए थे।

70. (B) एलोरा स्थित कैलाशनाथ मन्दिर और मामल्लपुरम स्थित शोर मन्दिर के बीच समानता यह है कि दोनों ही ठोस चट्टानों में से उत्कीर्ण किए गए हैं।

71. (C) संविधान सभा में कुल 15 महिला सदस्य थीं जिसमें दुर्गाबाई देशमुख, हंसा मेहता, कमला चौधरी, मालती चौधरी आदि शामिल थीं।

72. (D) हिमनद मृदा की ढुलाई गुरुत्वाकर्षण द्वारा होती है।

73. (C) संविधान का अनुच्छेद 75(1) में यह प्रावधान है कि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की नियुक्ति करता है तथा तत्पश्चात् प्रधानमंत्री की सलाह पर अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है।

74. (C) योग दर्शन के प्रवर्तक महर्षि पतंजलि थे।

| **दर्शन** | | **प्रवर्तक** |
|---|---|---|
| न्याय | — | गौतम |
| साख्य | — | कपिल |
| वैशेषिक | — | कणाद |
| मीमांसा | — | जैमिन |

75. (C) सेंट फ्रांसिस जेवियर के पार्थिव अवशेष बेसिलिका ऑफ बोन जीसस, वेल्हा (गोवा) में रखे हैं।

## ग्रामीण समाज एवं विकास

76. (B) सामाजिक संस्था का अर्थ है, जो अपने कार्यो की समीक्षा करते हुये स्वयं का नियन्त्रण करती है, तथा अपने पर्यावरण से जिसकी सीमा और कार्य करने का निश्चित ढंग होता है।

77. (D) "समाज मनुष्यों के समूह का नाम नहीं है, बल्कि यह मनुष्यों के अन्तः सम्बन्धो की जटिल व्यवस्था है यह कथन "लापियर का" है।

78. (B) उत्तर प्रदेश की जनसंख्या वृद्धि दर (2001-2011) में 20.23% है। इसमें 19.31% पुरुष वृद्धि दर एवं 21.23% महिला वृद्धि दर रही है।

79. (A) उ.प्र. में सर्वाधिक जनसंख्या वाले 4 जिले–
(1) प्रयागराज 59, 54, 351
(2) मुरादाबाद 47, 72, 006
(3) गाजियाबाद 46, 81, 645
(4) आजमगढ़ 46, 13, 913

80. (A) एक गाँव में सभी सदस्य ग्रामसभा के सदस्य होते हैं। यह भारत के स्थानीय स्वशासन का प्रमुख अवयव है।

81. (B) धुरिया नृत्य को 'बुन्देलखण्ड' के प्रजापति (कुम्हार) स्त्रीवेश धारण करके करते हैं।

82. (D) उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक पुरातात्विक एवं कलात्मक निधि की देख–रेख करने के लिये स्थापित संस्कृति विभाग के कार्यों में उसकी बिक्री सम्मिलित नहीं है।

83. (C) 'राजस्व–विभाग' भूमि की पैमाइश का कार्य करता है।

84. (B) बिरहा–कन्नौज सुमेलित नहीं है।

85. (B) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनगणना 1,210,193,422 तथा उत्तर प्रदेश की जनगणना 199,581,477 थी। यह देश की कुल जनसंख्या का 16.16% है।

86. (A) 1995 को ग्रामीण डाक जीवन बीमा की शुरुआत ग्रामीण क्षेत्र के डाकघरों से की गयी।

87. (A) 1994-95 प्रत्येक दस गाँवों के समूह के लिये युवा विकास केन्द्र स्थापित करने की योजना लागू की गयी।

88. (B) कृषि उत्पादन हेतु भूमि का उपयोग कर फसलें उगाना एवं पशुपालन करना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है।

89. (C) ताँबा, चाँदी, सोना एवं लोहा सभी का प्रयोग होता है।

90. (B) FCI, SWC, CWC मुख्य एजेंसियाँ हैं जो उत्तर प्रदेश के भारी मात्रा में खाद्यान्न के भण्डारण में शामिल हैं। 2012-13 के दौरान 455 एजेंसियों की कुल शेयर क्षमता में से 52.79 प्रतिशत FCI द्वारा संगृहीत हैं। इसके बाद क्रमशः 36.32% SWC और 10.89% CWC द्वारा संगृहीत हैं। जबकि FDI इसमें शामिल नहीं है। ये एक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश है।

91. (A) भूमिदान से सम्बन्धित सबसे प्राचीन सातवाहन अभिलेख हैं।

92. (A) भारतीय ग्रामीण समाज को मुख्यतः दो भागों में बाँटा जा सकता है–
(1) जनजातीय समाज
(2) कृषक समाज

93. (C) लेखपाल ग्रामीण क्षेत्र में खसरा तैयार करके अगले वर्ष रजिस्टार कानूनगो के पास जमा कर देता है।

94. (B) 'पूर्व–पश्चात् परीक्षण' ग्रामीण समुदाय में कृषि नवाचारों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए परिक्षण अधिक उपयोगी हो सकता है।

95. (B) सामाजिक अध्ययनों में वैज्ञानिक पद्धति के प्रयोग को डिल्थे ने नकार दिया था।

96. (D) ऐतिहासिक घटनाओं के अध्ययन से सम्बन्धित है।

97. (D) नगरीय समाज में मानवीय सम्बन्ध अभिलक्षित होते हैं, क्योंकि अप्रत्यक्ष और निवैयक्तिक सम्पर्कों से सम्बन्ध बन जाता है।

98. (D) उत्तर प्रदेश की मुख्य फसलें चावल, गेहूँ, ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मूँग, अरहर चना और गन्ना हैं। ये राज्य भारत में खाद्यान्न का सबसे बड़ा उत्पादक है और कृषि उत्पादन के लिए अनुकूल है।

99. (C) किसानों से वसूल किया जाने वाला टैक्स लगान कर होता है।

100. (D) सामाजिक घटनाओं के अध्ययन में विज्ञान की कार्य–करण सम्बन्ध की विशेषता पायी जाती है।

●●